मानकुंवर बाई कॉलेज बना उपविजेता

सदुविवि ने जीती इंटर कॉलेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता



जबलपुर@पत्रिका. उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के निर्देश पर मानकुंवर बाई कॉलेज में इंटर कॉलेज जिला स्तरीय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के आठ कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सुनीता मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. मनोज प्रियदर्शन और भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी मंचासीन थे। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नेहा तिवारी के मार्गदर्शन में हुए मुकाबलों में दो चरणों के संघर्ष के बाद सदुविवि और मानकुंवर बाई कॉलेज की टीमों ने फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मुकाबले में सदुविवि की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। मानकुंवर बाई कॉलेज की टीम उपविजेता बनी। समापन समारोह में पूर्व क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ज्योति जाट, प्राचार्य डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ. कविता चतुर्वेदी और विकास तिवारी ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका हरीश दुबे ने निभाई।

Scanned by CamScanner